तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 28.0° |
| इंदौर | 23.0° | 27.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 26.0° |
| ग्वालियर | 26.0° | 32.0° |
| सागर | 23.0° | 28.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 256, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल द्वितीया संवत् 2083
शुक्रवार, 14 अगस्त 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



**राजधानी...** देवी अहिल्या के सुशासन से मिली प्रेरणा...


**व्यापार...** सोना 972 रुपये सस्ता, चांदी के भाव में 3,414 रुपये ...


**खेल...** सभी गोल्फरों को आईजीपीएल में खेलने की...


**देश-विदेश...** ट्रम्प की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने दिया...

# अमेरिका में भी 15 अगस्त को मनाया जाएगा भारत का स्वतंत्रता दिवस



**डेलावेयर, एजेंसी:** भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस से पहले अमेरिका के डेलावेयर राज्य में 15 अगस्त को विशेष रूप से इंडिया डे के तौर पर मनाया जाएगा। इस घोषणा के बाद अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय में उत्साह है। 15 अगस्त को भारत अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है और इस अवसर पर डेलावेयर में भी भारत के स्वतंत्रता दिवस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डेलावेयर में 15 अगस्त को इंडिया डे के रूप में मान्यता देने का उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच संबंधों के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में रहने वाला भारतीय समुदाय हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करता है। इस बार डेलावेयर में 15 अगस्त को विशेष दिन के तौर पर मनाने की घोषणा की गई है। भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोग भी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए भारत के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। डेलावेयर में इंडिया डे की घोषणा को भारतीय समुदाय के लिए विशेष सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिका में भारतीय समुदाय की मौजूदगी कई क्षेत्रों में है। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, कारोबार और अन्य पेशेवर क्षेत्रों में भारतीय मूल के लोग सक्रिय हैं। भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक गतिविधियों में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अन्य राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन भी शामिल हैं।

15 अगस्त को इंडिया डे के रूप में मनाए जाने से भारत की संस्कृति, परंपराओं और स्वतंत्रता दिवस से जुड़ी गतिविधियों को स्थानीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी। भारतीय समुदाय के लोग इस अवसर पर भारत की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों को याद करेंगे। डेलावेयर में इस विशेष दिन की घोषणा भारत और अमेरिका के बीच लोगों के स्तर पर बढ़ते सांस्कृतिक संबंधों को भी दर्शाती है। स्वतंत्रता दिवस से पहले हुई इस घोषणा से अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के बीच उत्साह का माहौल है।

## अंतिम दिन लोकसभा 1 मिनट और राज्यसभा की कार्यवाही 1 घंटे चली



# मानसून सत्र खत्म, 12 में से 11 विधेयक दोनों सदनों से पारित



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। सत्र के आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा में करीब 1 घंटे 6 मिनट कामकाज हुआ। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। वंदे मातरम गान के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। राज्यसभा में माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल, 2026 पारित किया गया। इसके बाद वंदे मातरम गान हुआ और सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा भी उठाया। सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसद बंदर के खिलौने लेकर संसद परिसर में पहुंचे। प्रदर्शन में प्रियंका गांधी, सुप्रिया सुले समेत अन्य सांसद शामिल रहे। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद आमने-सामने भी आए।

मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। करीब 114 घंटे की निर्धारित कार्यवाही के मुकाबले सदन में लगभग 17 घंटे 30 मिनट ही कामकाज हुआ। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कार्यवाही नहीं हो सकी। राज्यसभा में भी 114 घंटे के मुकाबले करीब 37 घंटे 24 मिनट काम हुआ और लगभग 76 घंटे 36 मिनट कार्यवाही नहीं हो सकी। सत्र में कुल 12 नए विधेयक पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। इनमें टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या से जुड़े विधेयक शामिल रहे। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद 12 में से 11 विधेयक दोनों सदनों से पारित हो चुके हैं। भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक अभी दोनों सदनों से पारित नहीं हुआ है।

### स्पीकर की चाय पार्टी में शामिल नहीं



**नई दिल्ली।** गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से चाय पार्टी आयोजित की गई। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत इंडिया ब्लॉक के कई विपक्षी दलों के नेता इसमें शामिल नहीं हुए। डीएमके की कनिमोझी कार्यक्रम में पहुंचीं। वहीं, राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन की ओर से आयोजित चाय पार्टी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत विपक्षी नेता शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर के कक्ष में हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे में सुखबीर बादल पर निहंग ने किया हमला

▸▸ कृपाण से किया वार, हाथ पर 5 सेंटीमीटर का कट लगा

**नईदुनिया ब्यूरो, लुधियाना/नांदेड़:** महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर में हमला किया गया। पुलिस के मुताबिक, एक निहंग ने उन पर कृपाण से वार किया। हमले में सुखबीर बादल के हाथ में चोट लगी है। उन्हें यशोसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। सुखबीर बादल परिवार के साथ नांदेड़ के तख्त श्री हजूर साहिब में माथा टेकने पहुंचे थे। हमले के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी संतोष हेगड़े भी घायल हुए। पुलिस ने हमले के आरोपी निहंग जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

नांदेड़ के कलेक्टर डॉ. राहुल कर्डले ने बताया कि सुखबीर बादल और सुरक्षा में तैनात



पीएसआई को हाथ में मामूली चोट आई है। दोनों खतरे से बाहर हैं। सुखबीर बादल के हाथ पर करीब 5 सेंटीमीटर का कट लगा है। घटना के बाद अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक से बात कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुखबीर बादल की पत्नी और सांसद हरसिमरत कौर बादल को फोन कर उनका हाल जाना।

## खास-खबरें

### पायलटों का रोज होगा ड्रग टेस्ट

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के सभी पायलटों का अब रोज ड्रग टेस्ट होगा। दोनों एयरलाइंस में 5 हजार से अधिक पायलट हैं। यह जांच प्रतिबंधित दवाओं और नशीले पदार्थों के सेवन की पहचान के लिए अनिवार्य की गई है। पिछले सप्ताह फुकेट-दिल्ली फ्लाइट के एक पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला लिया गया। भुवनेश्वर के पास उड़ान के दौरान विमान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गया था। इससे यात्रियों और क्रू सदस्यों को चोटें आई थीं। घटना के बाद पायलट के दो ड्रग टेस्ट हुए और दोनों पॉजिटिव पाए गए।

### 500 प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर

**नईदुनिया ब्यूरो, रांची:** झारखंड छात्र आंदोलन गुरुवार को 20वें दिन भी जारी रहा। छात्र रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने 10 अगस्त को विधानसभा घेराव किया था। इसके बाद 500 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आंदोलन कर रहे छात्र राधे कुमार ने कहा कि प्रदर्शन को 20 दिन हो चुके हैं और दो दिन बाद 15 अगस्त है। उन्होंने कहा कि छात्र भी स्वतंत्रता दिवस मनाना चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### सावरकर से जुड़े सवाल पर शिक्षक निलंबित

**नईदुनिया ब्यूरो, कोच्चि:** केरल हाईकोर्ट ने सावरकर से जुड़े कथित गलत सवाल तैयार करने के आरोप में निलंबित शिक्षक की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से सवाल किया कि शिक्षक ने कौन सा गैरकानूनी काम किया, जिसके कारण उसे निलंबित किया गया। जस्टिस विजू अब्राहम ने पूछा कि जब अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू हो चुकी है तो निलंबन की जरूरत क्यों पड़ी। मामला 6 अगस्त को कोच्चि में आयोजित स्कूल स्तर के सोशल साइंस क्लब फ्रीडम क्विज 2026 से जुड़ा है।

**एमपी बोर्ड 2027 की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी**

# 12वीं की 17 और 10वीं कक्षा की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 13 अगस्त 2026 को वर्ष 2027 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया। 10वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से 18 मार्च 2027 और 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 19 मार्च 2027 तक आयोजित की जाएंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होंगी।

10वीं की परीक्षा 24 फरवरी को भाषा विषयों, चित्रकला, गायन-वादन, तबला-पखावज और कंप्यूटर के पेपर से शुरू होगी। 25 फरवरी को एनएसक्यूएफ के सभी विषय और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा होगी। इसके बाद 27 फरवरी को उर्दू, 2 मार्च को हिंदी, 5 मार्च को गणित, 9 मार्च को अंग्रेजी, 12 मार्च को संस्कृत, 15 मार्च को विज्ञान और 18 मार्च को सामाजिक विज्ञान का पेपर होगा।

12वीं की परीक्षा 17 फरवरी को बायोटेक्नोलॉजी, गायन-वादन और तबला-पखावज के पेपर से शुरू होगी। इसके बाद 18 फरवरी को उर्दू व मराठी, 20 फरवरी को संस्कृत, 22 फरवरी को एनएसक्यूएफ, शारीरिक शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 23 फरवरी को हिंदी और 26 फरवरी को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 1 मार्च को इंफॉर्मेटिक प्रैक्टिसेस, 3 मार्च को समाजशास्त्र, 8 मार्च को जीव विज्ञान, 11 मार्च को राजनीति शास्त्र और 16 मार्च को गणित की परीक्षा होगी। अन्य विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तारीखों पर होंगी। छात्रों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केंद्र और 8:30 बजे तक परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा।

8:45 बजे के बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। 8:45 बजे प्रश्न-पत्र पढ़ने और 8:55 बजे उत्तरपुस्तिका दी जाएगी। 10वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं 11 से 30 जून 2027 और 12वीं की 1 फरवरी से 19 मार्च 2027 के बीच होंगी। दूसरी परीक्षा 10वीं के लिए 15 से 30 जून और 12वीं के लिए 11 से 30 जून 2027 तक होगी।

## बड़े तालाब में तिरंगा नौका यात्रा, प्रदेश ने रचा नया कीर्तिमान: मुख्यमंत्री



**भोपाल:** भोपाल। राजधानी के बोट क्लब स्थित बड़े तालाब में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशाल तिरंगा नौका यात्रा आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसमें शामिल हुए और उन्होंने तिरंगा नौका यात्रा का नेतृत्व किया। इस दौरान बोट क्लब पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत माहौल रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बड़े तालाब में तिरंगा नौका यात्रा के दृश्य को उन्होंने अद्भुत और रोमांचकारी बताया। उन्होंने कहा कि जल में तिरंगा यात्रा निकालकर मध्य प्रदेश ने देशभक्ति की भावना को नया आयाम दिया है और प्रदेश ने नया कीर्तिमान रचा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने केनो स्लालम शो देखा और खिलाड़ियों तथा उपस्थित नागरिकों का उत्साह बढ़ाया।

# जेल में प्रज्वल रेवन्ना के फोन से 90 अश्लील वीडियो मिले



**नईदुनिया ब्यूरो, बेंगलुरु:** बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल फोन से 90 अश्लील वीडियो मिलने के बाद नई एफआईआर दर्ज की गई है। जब्त फोन की फोरेंसिक जांच जारी है। जांचकर्ता मोबाइल में मौजूद वीडियो, तस्वीरों और अन्य डिजिटल सामग्री की जांच कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह सामग्री कहां से आई और इसका किसी आपराधिक मामले से संबंध है या नहीं।

सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को जेल में छापेमारी की थी। रेवन्ना के पास मोबाइल फोन मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। जेल में बंद अंडरट्रायल कैदी प्रताप राय को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। प्रज्वल जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। वह महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में अगस्त 2025 से उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। प्रज्वल के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 वर्षीय महिला ने अप्रैल 2024 में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। महिला ने 2021 से कई बार दुष्कर्म करने और घटना की जानकारी किसी को देने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

विशेष अदालत ने 1 अगस्त 2025 को प्रज्वल को दोषी ठहराया था। अगले दिन उन्हें उम्रकैद की सजा और 11.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें से 11.25 लाख रुपये पीड़िता को देने का निर्देश दिया गया था। प्रज्वल के खिलाफ दुष्कर्म के तीन अन्य मामले भी चल रहे हैं।

**चुनाव से पहले 20 हजार की पहली किस्त, सरकार बनने पर 10-10 हजार की तीन किस्त देने की तैयारी**

# यूपी में महिलाओं को मिल सकती है 30 हजार की मदद

**नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए बड़ी आर्थिक सहायता योजना लागू करने पर विचार कर रही है। प्रस्तावित योजना के तहत 50 लाख से अधिक महिलाओं को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की तैयारी है। योजना के अनुसार चुनाव से पहले 20 हजार रुपये की पहली किस्त दी जा सकती है। इसके बाद सरकार बनने पर 10-10 हजार रुपये की तीन किस्तें देने का प्रस्ताव है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, योजना को लेकर मंथन शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले साल जनवरी-फरवरी में होने की संभावना है। प्रस्तावित योजना में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और आर्थिक स्वावलंबन के लिए सहायता देने पर विचार किया जा रहा है।

# प्रियंका गांधी के बयान के खिलाफ ऑनलाइन मुहिम

▸▸ 38 देशों के वैज्ञानिक भी अभियान से जुड़े, 14 हजार लोगों का समर्थन

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी को 'गोमूत्र एक्सपर्ट' बताए जाने वाली प्रियंका गांधी की टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ गया है। उनके बयान के खिलाफ ऑनलाइन मुहिम शुरू की गई है। 13 अगस्त सुबह 9 बजे तक इस मुहिम को 14 हजार लोगों का समर्थन मिल चुका था। 38 से अधिक देशों में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों ने भी अभियान का समर्थन किया है। चेंज डॉट ओआरजी पर शुरू की गई मुहिम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मामले का संज्ञान लेने की मांग की गई है। साथ ही प्रियंका गांधी से अपनी टिप्पणी वापस लेने और माफी मांगने की अपील की गई है।

दरअसल, एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी ने आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी का नाम लिए बिना कहा था कि सरकार की बनाई नई कमेटी में पूर्व आईबी प्रमुख, आईटी कंपनी के मालिक और गोमूत्र विशेषज्ञ शामिल हैं। उन्होंने सवाल उठाया था कि गोमूत्र विशेषज्ञ को शिक्षा के बारे में क्या पता होगा।

**दावा** | *यूएनएससी की रिपोर्ट में एक्यूआईएस का नाम...*

# अलकायदा ने कराया था लाल किले के पास धमाका!

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास हुए धमाके को अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 38वीं रिपोर्ट में दावा किया गया है।

धमाके में 11 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक्यूआईएस अब छोटे-छोटे सेल के जरिए काम कर रहा है और उसने अपना लॉजिस्टिक्स तथा वित्तीय नेटवर्क तैयार कर लिया है।

यूएनएससी की 37वीं रिपोर्ट में एक सदस्य देश ने इस हमले के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का हाथ बताया था। इस तरह लगातार दो रिपोर्टों में अलग-अलग आतंकी संगठनों के नाम सामने आए हैं। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में आरोपियों को एक्यूआईएस से जुड़े संगठन सार गजवत-उल-हिंद से संबंधित बताया गया है।

यूएनएससी की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट 10 अगस्त को जारी हुई। इसमें कहा गया है कि एक्यूआईएस क्षेत्रीय आतंकी नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है और बांग्लादेश में भी छोटे आतंकी सेल बनाने की कोशिश



कर रहा है। रिपोर्ट में इसे क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता बताया गया है। एनआईए ने मई में 11 आरोपियों के खिलाफ करीब 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें 580 से अधिक गवाहों के बयान शामिल हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले पर 27 अगस्त को सुनवाई होनी है।

एनआईए की जांच के मुताबिक, आरोपियों ने कथित तौर पर कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर 2022 में श्रीनगर में गुप्त बैठक की थी। इसके बाद संगठन को फिर सक्रिय करने और ऑपरेशन हेवनली हिंद शुरू करने का दावा किया गया।

जांच एजेंसी के अनुसार, धमाके में इस्तेमाल टीएटीपी विस्फोटक आरोपियों ने खुद तैयार किया था। इसके लिए रसायन और उपकरण जुटाए गए थे। 10 नवंबर 2025 की शाम लाल किले के पास जोरदार धमाका हुआ था। इससे आसपास खड़ी गाड़ियों और कई दुकानों तथा इमारतों को नुकसान पहुंचा था।

शुरुआती जांच में इसे हाई-इंटेंसिटी वीबीआईईडी हमला माना गया था, जिसके बाद जांच एनआईए को सौंप दी गई थी।

यूएनएससी की रिपोर्ट में अलकायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठनों की रासायनिक और जैविक हथियारों की कोशिशों का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे हथियारों को तैयार करना कठिन होने के कारण संगठन अब तक पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं।